दिन–शुक्रवार दिनांक– 15/03/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर आज बोधगया में देशभर के राज्य निर्वाचन पदाधिकारियों के राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आठ सौ ग्यारह करोड़ रूपये की लागत वाली बीस योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

03. केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की। पटना में आज से पेट्रोल एक सौ पांच रूपये उनसठ पैसे प्रतिलीटर मिलेगा।

04. और, शिक्षक नियुक्ति के तीसरे चरण की परीक्षा का आयोजन आज। छब्बीस जिलों के चार सौ पंद्रह केन्द्रों पर आयोजित हो रही है परीक्षा।

---

बोध गया में आज से देशभर के राज्य निर्वाचन पदाधिकारियों की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की शुरूआत हो रही है। महाबोधी सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित होने वाली इस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। कॉन्फ्रेंस में अलग–अलग विषयों पर आठ सत्र आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का शुभारंभ किये जाने के साथ ही पंचायत और नगर पालिका आम चुनाव का मैनुअल भी जारी किया जाएगा।

---

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को चंदा देने वाली कंपनियों और लोगों के नाम सार्वजनिक कर दिये हैं। इनमें बॉन्ड खरीद की तारीख, खरीदार के नाम, भुनाने की तारीख, भुनाने वाले राजनीतिक दल का नाम और बॉन्ड के मूल्य का विवरण है। चुनावी चंदे के आंकड़े वर्ष दो हजार उन्नीस से ग्यारह जनवरी दो हजार चौबीस तक के हैं। सबसे अधिक चंदा देने वाले में तमिलानडू की लॉटरी फर्म और आन्ध्र प्रदेश की एक कंपनी शामिल है। चुनावी चंदा पाने वालों में भाजपा, कांग्रेस, जदयू, राजद और समाजवादी पार्टी सहित कई पार्टियां शामिल हैं। भाजपा को सबसे ज्यादा छह हजार साठ करोड़ रूपये का चंदा मिला है।

———————————————————————————

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नया निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। विधि और न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने और अरुण गोयल के त्यागपत्र के बाद दोनों निर्वाचन आयुक्तों के पद रिक्त थे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आठ सौ ग्यारह करोड़ रूपये की लागत वाली बीस परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। इनमें किसान कॉल सेंटर, बिहार मक्का विकास योजना, बिहार पोषक अनाज विकास, कृषि यांत्रिकरण बीज और आत्मा सहित कई योजनाएं शामिल हैं। साथ ही मुख्यमंत्री कृषि ज्ञान वाहनों का लोकार्पण भी करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने देशभर में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की है। नई दरें आज से लागू हो गयी। नई दरें लागू होने के साथ ही पटना में अब पेट्रोल की कीमत एक सौ पांच रूपये उनसठ पैसे प्रतिलीटर और डीजल की कीमत बानवे रूपये छत्तीस पैसे प्रतिलीटर हो गयी है। इससे पहले अप्रैल दो हजार बाईस में पेट्रोल पर आठ और डीजल पर छह रूपये एक्साईज ड्यूटी घटायी गयी थी। इधर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर कम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दर्शाया है कि करोड़ों देशवासियों का कल्याण और सहूलियत ही सदा उनकी प्राथमिकता रही है।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की है। श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले ढाई वर्षों में पेट्रोल की कीमत लगभग पंद्रह रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत सत्रह रुपये प्रति लीटर कम हुई है। उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्रियों वाले अठारह ओटीटी प्लेटफॉर्म बंद कर दिए हैं। इनमें ड्रीम्स फिल्म्स, हंटर्स, हॉट शॉट्स वीआईपी, प्राइम प्ले और अनकट अड्डा शामिल हैं। इन मंचों के साथ जुड़े उन्नीस वेबसाइट, दस ऐप और संतावन सोशल मीडिया अकाउंट पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

यह निर्णय मीडिया तथा मनोरंजन, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों से संबंधित डोमेन विशेषज्ञ और अन्य मंत्रालयों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अंतर्गत लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इन मंचों की जिम्मेदारी को लेकर कहा कि ये मंच रचनात्मक अभिव्यक्ति की आड़ में अश्लीलता और दुर्व्यवहार का प्रचार न करें। मंत्रालय ने कहा कि इन मंचों पर उपलब्ध सामग्रियों में अधिकतर अंश अश्लील और महिलाओं को आपत्तिजनक तरीके से चित्रित करने वाले पाये गये हैं। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

———————————————————————————

प्रदेश में मजदूरों को एक अप्रैल से बढ़ी हुयी दर पर मजदूरी मिलेगी। श्रम संसाधन विभाग ने न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत अट्ठासी नियोजनों में चार प्रतिशत की वृद्धि की है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके अनुसार अकुशल श्रेणी के मजदूरों को दैनिक मजदूरी के रूप में पंद्रह रूपये की बढ़ोतरी के साथ चार सौ बीस रूपये प्राप्त होंगे। अर्धकुशल मजदूरों को भी पंद्रह रूपये प्रतिदिन वृद्धि के बाद चार सौ छब्बीस रूपये का भुगतान किया जाएगा। कुशल श्रेणी के मजदूरों की मजदूरी में प्रतिदिन उन्नीस रूपये की वृद्धि की गयी है। इन्हें अब रोजाना पांच सौ उन्नीस रूपये मिलेंगे। वहीं, लिपिकीय श्रेणी के मजदूरों की मजदूरी में चार सौ उन्नीस रूपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी की गयी है। इन्हें अब ग्यारह हजार एक सौ सात रूपये मिलेंगे।

———————————————————————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड को मुफ्त में अपडेट करने की समय सीमा चौदह जून तक बढ़ा दी है। पहले यह तारीख चौदह मार्च तक निर्धारित थी। प्राधिकरण ने सभी लोगों को मुफ्त में आधार कार्ड को अपडेट करने की सुविधा दी है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आज प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के लिए तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा आयोजित की जाएगी। दो पालियों में आयोजित

होने वाली इस परीक्षा का आयोजन छब्बीस जिलों के चार सौ पंद्रह केन्द्रों पर किया जा रहा है। आयोग के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल और ब्लूटूथ समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रोक रहेगी।

---

गृह विभाग ने बिहार पुलिस सेवा के एक सौ सड़सठ पदाधिकारियों का तबादला किया है। इनमें चौदह पदाधिकारियों को पुलिस अधीक्षक और एक सौ तिरेपन पदाधिकारियों को एसडीपीओ स्तर की जिम्मेदारी दी गयी है। पटना सहित तैंतालीस अनुमंडलों में एसडीपीओ की तैनाती की गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार दिनेश कुमार पांडेय को पटना विधि व्यवस्था का एसडीपीओ बनाया गया है। वहीं, डीएसपी प्रकाश को नगर पटना एसडीपीओ बनाया गया है, जबकि पटना पुलिस मुख्यालय में तैनात पंकज कुमार मिश्रा को दानापुर और अभिषेक सिंह को बाढ़ का एसडीपीओ बनाया गया है।

इधर, विभाग ने होली के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर राज्य के पुलिस कर्मियों की छुट्टीयां बीस मार्च से अट्ठाईस मार्च तक रद्द कर दी है। पुलिस मुख्यालय ने होली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद रखने और संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बरतने को कहा है।

---

पटना सिविल कोर्ट परिसर में हुए ट्रांसफॉर्मर विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गयी है। इस हादसे में झुलसे लिपिक प्रकाश कुमार का कल पीएमसीएच में उपचार के दौरान निधन हो गया। गौरतलब है कि सिविल कोर्ट परिसर में ट्रांसफॉर्मर की मीटरींग यूनिट फट जाने के कारण एक अधिवक्ता की मौत हो गई थी, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गयें थें। इधर, ट्रांसफॉर्मर फटने की घटना के बाद पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अनिश्चित कालीन हड़ताल चले गये हैं। वहीं, बिहार स्टेट बार कांउसिंल ने जिला अधिवक्ता संघ को न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने की इजाजत देने से इंकार कर दिया है।

---

रेलवे ने होली के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार

ने बताया कि इनमें आनंद विहार – पटना सुपरफास्ट, लोकमान्य तिलक – दानापुर, मुजफ्फरपुर, पुणे – दानापुर, रानी कमलावती – दानापुर, जोधपुर – दानापुर स्पेशल ट्रेन शामिल हैं। इसके अलावा बरौनी–नई दिल्ली, सहरसा–आनंद विहार, दरभंगा–नई दिल्ली और सीतामढ़ी से नई दिल्ली के लिए भी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जायेंगी।

——————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर शुष्क पछुआ हवा और कम आद्रता के कारण वातावरण में गर्मी बढ़ रही है। अधिकतम तापमान पैंतीस डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने उन्नीस और बीस मार्च को दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

——————————————————————————

भोजपुर जिले में बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने कोईलवर, चाँदी और बड़हरा थानाक्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान के तहत कुल इक्यासी वाहनों को जब्त किया। इन वाहनों के मालिक, चालक और उपचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस छापेमारी में खनन और परिवहन विभाग को लगभग चार करोड़ रूपये दण्ड की प्राप्ति होगी।

——————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनमाला पंचायत में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दस से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये। हादसे में दो मवेशियों मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्ति झुलस गये हैं। इधर, सुपौल जिले के सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड के चिकनी गांव के वार्ड नंबर आठ में अगलगी की घटना में सौ से अधिक झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गई।

——————————————————————————

अरवल जिले मे पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अलग–अलग स्थानों से शराब के साथ दो महिला को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक मोटरसाईकिल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर शहर के सभी चौक चौराहे पर एक सौ चालीस सीसीटीवी कैमरा लगाया हैं।

———————————————————————————

पूर्वी चपांरण जिले के मोतिहारी में कल से तैंतीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता की शुरूआत हो रही है। बिहार राज्य कबड्डी संघ के सचिव कुमार विजय ने बताया कि प्रतियोगिता उन्नीस मार्च तक चलेगी। इसमें मेजबान बिहार सहित चौबीस राज्यों की टीमें भाग लेंगी।

पटना में संपन्न अड़सठवीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में बिहार की टीम उपविजेता बनी है। फाइनल मुकाबले में तमिलनाडू ने बिहार को पराजित किया। वहीं, बालक वर्ग की युगल स्पर्धा में बिहार को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– बिहार के लिए एनडीए में लोकसभा सीट शेयरिंग पर लगी मुहर। भाजपा सत्रह, जदयू सोलह और लोजपा रामविलास चार सीटों पर लड़ सकते हैं चुनाव, आज घोषणा संभव।

**प्रभात खबर** ने इसी खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है– सीट शेयरिंग के पहले एनडीए के घटक दलों के भीतर हलचल हुयी तेज। हम ने मांगी गया की सीट– रालोजपा ने बुलाई आज आपात बैठक।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– एक देश–एक चुनाव का मसौदा समिति ने राष्ट्रपति को सौंपा। **दैनिक भास्कर** ने चुनावी बॉन्ड की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– नेताओं के चंदा मामा। चुनाव आयोग ने चंदा लेने–देने वालों की लिस्ट जारी की। **आज अखबार** का शीर्षक है**–** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा–कैबिनेट विस्तार बहुत जल्द। **राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– केन्द्र सरकार ने अठारह ओटीटी मंचों पर लगायी रोक।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर आज बोधगया में देशभर के राज्य निर्वाचन पदाधिकारियों के राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आठ सौ ग्यारह करोड़ रूपये की लागत वाली बीस योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

03. केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की। पटना में आज से पेट्रोल एक सौ पांच रूपये उनसठ पैसे प्रतिलीटर मिलेगा।

04. और, शिक्षक नियुक्ति के तीसरे चरण की परीक्षा का आयोजन आज। छब्बीस जिलों के चार सौ पंद्रह केन्द्रों पर आयोजित हो रही है परीक्षा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।